आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 18.11.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- श्री विजयपुरम, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में कल सीप्लेन उड़ान संचालन की शुरूआत की गई।
- एनटीपीसी की ओर से हाल ही में 'ऊर्जा संरक्षण' पर एक राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- प्रजापिता ब्रहमाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बारह ज्योतिर्लिंगम दर्शन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन हो गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में कल सीप्लेन उड़ान संचालन की शुरूआत की गई। देश में सीप्लेन संचालन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सीप्लेन दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा–निर्देशों से पूरे भारत में सुरक्षित, कुशल और टिकाऊ सीप्लेन सेवाओं का संचालन किया जा सकेगा। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डीके जोशी ने ट्विन ओटर सीप्लेन के निर्माता मेसर्स डी हैविलैंड के साथ मिलकर वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीप्लेन की डेमो उड़ान शुरू हुई। मरीना पार्क में जलक्रीड़ा परिसर में उतरने के बाद सी–प्लेन स्वराज द्वीप के लिए समुद्र से उड़ान भरी। इसी तरह शहीद द्वीप के लिए भी उड़ानें भरी गईं। डे हैविलैंड डीएचसी–6 ट्विन ओटर क्लासिक 300–जी सीप्लेन जमीन और पानी दोनों पर उड़ान भरने और उतरने में सक्षम है और इसमें लगभग सोलह यात्रियों को ले जाने की क्षमता है। विमान को जमीन और पानी दोनों पर कम दूरी की उड़ान और लैंडिंग के लिए तैयार किया गया है। विमान एक सौ पचास किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भर सकता है। अंडमान निकोबार प्रशासन नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सहयोग से स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और लॉन्ग आइलैंड में जल हवाई अड्डा अवसंरचना विकसित करने की प्रक्रिया चल रही है, ताकि क्षेत्रीय संपर्क योजना–उड़ान के तहत पहले चरण में श्री विजयपुरम, स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और लॉन्ग आइलैंड के बीच सीप्लेन सेवाएं शुरू की जा सकें।

<><><><><><><>

एनटीपीसी की ओर से हाल ही में 'ऊर्जा संरक्षण' पर एक राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मरीन सामुदायिक हॉल मोहनपुरा में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता मिशन लाइफ का उद्देश्य जीवन पद्धतियों को बढ़ावा देना है। यह प्रतियोगिता छात्रों को ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूक करते हुए उनकी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। चित्रकला प्रतियोगिता ग्रुप–ए में कक्षा पांचवी, छठीं और सातवीं और ग्रुप–बी में कक्षा आठवीं, नवीं और दसवीं के लिए आयोजित की गई थी। पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। कार्यकम में अधिशासी अभियंता दीपा नायर, और एनटीपीसी के नोडल अधिकारी सीएच किरण कुमार ने विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। ए श्रेणी में सेंट मैरी स्कूल भातुबस्ती की सानवी कलईगिथी को पहला, खालसा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अलीना हसन  को दूसरा और नेवी चिल्ड्रेन स्कूल की प्रज्ञा बिस्वास तीसरे स्थान पर रही। बी श्रेणी में वि के वि लंबा लाइन की अर्पिता बेपारी को प्रथम, नेवी चिल्ड्रन स्कूल की बिदिशा मैती को द्वितीय और विवेकानंद केंद्र विद्यालय की श्रेया सासमल तृतीय स्थान हासिल हुआ।  विजेताओं को पचास हजार रूपये, तीस हजार रूपये और बीस हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिया गया। बीस प्रतिभागियों को सात हजार पांच सौ रुपये का सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं को ग्यारह दिसंबर को आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता' में भाग लेने का अवसर मिलेगा ।

<><><><><><><>

कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार द्वीपसमूह के ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण ने हाल ही में अट्टम पहाड़ स्थित वर्किंग वूमन हॉस्टल में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करना और उन्हें जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास और सम्मान के साथ सामना करने के लिए तैयार करना था। शिविर का नेतृत्व उप–मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अर्काब्रती नियोगी और उप–न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–द्वितीय अनुपम सरकार ने किया। शिविर के दौरान, वक्ताओं ने महिलाओं को कानूनी सेवा संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के बारे में विस्तार से बताया। इसमें घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, संपत्ति अधिकार, वैवाहिक विवाद और महिलाओं के अधिकारों के अन्य उल्लंघन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर निःशुल्क कानूनी सहायता, परामर्श और मार्गदर्शन शामिल है। वक्ताओं ने महिलाओं के लिए समानता, न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित करने में कानूनी सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से

अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्राधिकरण और अन्य संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का लाभ उठाने को कहा।

<><><><><><><>

प्रजापिता ब्रहमाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बारह ज्योतिर्लिंगम दर्शन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज से बीस नवम्बर तक शाम पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक छोलदारी के सामुदायिक हॉल में कार्यक्रम रखा गया है। ज्योतिर्लिंगम दर्शन के अलावा राजयोग प्रदर्शनी, ध्यान और विभिन्न विषयों पर जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सामान्य जीवन में शांति और खुशी का अनुभव कराना है। इसके बाद नयाबस्ती आंगनवाड़ी केन्द्र में इक्कीस से तेईस नवम्बर तक शाम चार बजे से पांच बजे तक विशेष राजयोग ध्यान पाठ्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इसके लिए प्रवेश निशुल्क है।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र के तटीय एवं समुद्री जैव विविधता पर आयोजित एक सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन हो गया। यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पर्यावरण एवं वन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कुल इक्कीस वरिष्ठ स्तर के भारतीय वन अधिकारियों ने भाग लिया। समापन समारोह में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की निदेशक डॉ. धृति बैनर्जी, मुख्य अतिथि थीं। अपने संबोधन में उन्होंने देश की समुद्री जैव विविधता संपदा के संरक्षण में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए इस तरह के एक महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम का संचालन करने के लिए भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की सराहना की। पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए जानकारी देना था। यह प्रशिक्षण सैद्धांतिक शिक्षा, केस स्टडीज और व्यावहारिक अभ्यासों के संयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को तटीय क्षेत्रों, छोटे द्वीपों और समुद्री संरक्षित क्षेत्रों में समुद्री पर्यटन के विकास और प्रबंधन के लिए आवश्यक दक्षता प्रदान करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

नागरिक उड्डयन विभाग ने मेसर्स डी हैविलैंड के साथ मिलकर श्री विजयपुरम, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में डेमो सी–प्लेन उड़ान का संचालन करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने पहले पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। इको ऑफ इंडिया ने मायाबंदर में हुई बस दुर्घटना के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार ने सी–प्लेन संचालन के शुरूआत होने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। पहलगांव के प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। अखबार ने डीब्रेट में सागर बंधन कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**